पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.) 05/0084/09-11

इस अंक का मूल्य 2 रुपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

251 कुण्डीय यज्ञ व आर्य महासम्मेलन की तैयारी हेतु

**आर्य कार्यकर्त्ता बैठक**

**रविवार, 11 दिसम्बर 2011**
**सांय 4 बजे**

स्थान : आर्य समाज, बी-ब्लाक, जनकपुरी, दिल्ली-110058

अध्यक्षता : डॉ. सुन्दरलाल जी कथूरिया

आप सादर आमन्त्रित हैं


**-डॉ. अनिल आर्य**, संयोजक


वर्ष-28 अंक-13 मार्गशीर्ष-2068 दयानन्दाब्द 188 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2011 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## भारत विभाजन के 64 वर्ष बाद हिन्दू फिर बने भारत में शरणार्थी

### पाकिस्तान से आये 145 हिन्दूओं ने दिल्ली में डाला डेरा, क्या कोई मानव अधिकार आयोग पुनर्वास के लिए आगे आयेगा





रविवार, 27 नवम्बर 2011, पाकिस्तान से दिल्ली आये 145 हिन्दू शरणार्थियों का कुशल क्षेम पूछते श्री राजेश गोगना (एडवोकेट) व आर्य नेता डा. अनिल आर्य। द्वितीय चित्र में खाद्य सामग्री वितरित करते सामाजिक कार्यकर्त्ता।

पाकिस्तान के भय व आतंक के साय से जान बचाकर भागे 145 हिन्दू गुरुद्वारा मजनुं का टीला, रिंग रोड, दिल्ली के सामने बाबा धुनीदास आश्रम में टैन्टों में शरण लिए हुए हैं। एक बार उन्हें देखकर लगता है कि 1947 का क्रूर वर्ष फिर वापिस आ गया। यह लोग पाकिस्तान वापिस नहीं जाना चाहते हैं, उन्हें चाहिए भारत में स्वाभिमान से जीने का मौलिक अधिकार व रोजगार। आगे आईये, आप इनकी क्या सहायता कर सकते हैं? सांसद श्री तरूण विजय, श्री श्रीरविशंकर जी, पूर्व सांसद श्री बी.एल. शर्मा 'प्रेम' श्री ओमप्रकाश त्रेहन, श्री सुधीर जी, श्री रविन्द्र मेहता ने भी यहां पहुंच कर सांत्वना दी व सहयोग प्रदान किया।

## आर्य नेता व समाजसेवी श्री ओमप्रकाश धूपड़ के नाम से मोती नगर में सड़क का नामकरण







रविवार, 27 नवम्बर 2011, दिल्ली नगर निगम द्वारा मोती नगर, दिल्ली में सड़क का नामकरण आर्य नेता व समाजसेवी श्री ओमप्रकाश धूपड़ के नाम से किया गया।

चित्र में मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा (नेता विपक्ष, दिल्ली विधानसभा), साथ में आर्य नेता डॉ. अनिल आर्य, विधायक श्री सुभाष सचदेवा व पार्षद श्री वेदप्रकाश गुप्ता। द्वितीय चित्र में नामकरण शिला पट्ट के साथ डॉ. अनिल आर्य, भारतभूषण धूपड़, सतीश सत्यम, दुर्गेश आर्य, संजीव आर्य। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की ओर से दिल्ली नगर निगम के इस सराहनीय कार्य के लिए हार्दिक बधाई।

इस अवसर पर आर्य नेता बलदेव जिन्दल, नरेन्द्र सुमन, रवि चड्ढा, राकेश आर्य, कस्तूरी लाल मक्कड़, रमेश गिरोत्रा, राम गोपाल भटनागर, प्रेमलता भटनागर, रामकृष्ण सतीजा, दुर्गेश आर्य, सुरेश आर्य, रविन्द्र मेहता, संजीव आर्य, अनिल आर्य, प्रवीन वधवा, अमरनाथ मेहन्दीरता, विशम्भर नाथ बत्रा, भूषण लाल वर्मा, अनिरूद्ध शास्त्री, देवमित्र आर्य आदि अनेकों प्रतिष्ठित आर्यजन उपस्थित थे।

## 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन की तैयारी हेतु बैठकें

**हरियाणा प्रान्तीय बैठक**
**शनिवार, 10 दिसम्बर 2011**
**प्रातः 11 बजे**
स्थान : आर्य समाज, शान्ति नगर, चार मरला, सोनीपत, हरियाणा
अध्यक्षता : श्री मनोहर लाल चावला
**-हरिचन्द स्नेही**, संयोजक

**धर्माचार्यों व विद्वानों की बैठक**
**शनिवार, 10 दिसम्बर 2011**
**सायं 4 बजे**
स्थान : आर्य समाज, राजेन्द्र नगर, टंकी के पास, नई दिल्ली-110060
अध्यक्षता : आचार्य अमर देव जी शास्त्री
**-आचार्य गवेन्द्र शास्त्री**, संयोजक

**फरीदाबाद कार्यकर्त्ता बैठक**
**शनिवार, 17 दिसम्बर 2011**
**सायं 4 बजे**
स्थान : आर्य समाज, सैक्टर-19 फरीदाबाद
अध्यक्षता : श्री लक्ष्मी चन्द आर्य
**-सत्यभूषण आर्य**, संयोजक

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 33वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में
## युवा विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी महाराज के ब्रह्मत्व में
## आर्य नेता डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता में

# 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ

**आशीर्वाद : स्वामी सुमेधानन्द जी, स्वामी दिव्यानन्द जी, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी आर्यवेश जी**

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

**दिनांक : 27, 28, 29 जनवरी 2012** ( शुक्रवार, शनिवार, रविवार )

**स्थान : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव, दिलशाद गार्डन, पूर्वी दिल्ली**

**विराट् शोभायात्रा** : शुक्रवार 27 जनवरी, 2012, प्रातः 10.00 बजे

शुभारम्भ : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव ( निकट मेट्रो स्टेशन झिलमिल कालोनी ) से प्रारम्भ होगी।

**मुख्य आकर्षण**

आर्य महिला सम्मेलन ● राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ● शिक्षा-संस्कृति निर्माण सम्मेलन ● संगीत संध्या ● व्यायाम प्रदर्शन ● राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन

**प्रातः से रात्रि निरन्तर तीनों दिन ऋषि लंगर की सुन्दर व्यवस्था**

1. बाहर से आने वाले आर्य बन्धु व आर्य युवक अपने पधारने की व संख्या के बारे में 31 दिसम्बर तक सूचित करने की कृपा करें जिससे भोजन व आवास आदि का उचित प्रबन्ध किया जा सके।
2. कृपया यजमान बनने के इच्छुक आर्य बन्धु, आर्य समाजें अपना यज्ञकुण्ड 31 दिसम्बर तक फोन न. 9899256058, 9810487559 पर आरक्षित करवा लें।

**अपील** : इस रचनात्मक विशाल कार्यक्रम में आपका तन, मन, धन से सहयोग अपेक्षित है। कृपया दानराशि क्रास चैक/ड्राफ्ट द्वारा 'केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली' के नाम से कार्यालय के पते पर भिजवायें। ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाइंड, सब्जी आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें।

–: निवेदक :–

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् ( पंजीकृत ), नई दिल्ली**

कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-7

दूरभाष : 9810117464, 9013137070, 9868064422, 9810338600, ईमेल: aryayouth@gmail.com, visit us : www. aryayuvakparishad.com



जीन्द चलो ॥ ओ३म्॥ जीन्द चलो



**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, हरियाणा प्रदेश**

के तत्वावधान में

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य की अध्यक्षता में
एवं स्वामी धर्मदेव जी व स्वामी सुखानन्द जी के सान्निध्य में

# प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन

एवं

## प्रतिभा रत्न अवार्ड 2011 वितरण समारोह

**रविवार, 18 दिसम्बर 2011, प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक**

**स्थान : सुप्रीम सी.सै.स्कूल, सफीदों रोड, जीन्द, हरियाणा**

अन्धविश्वास, पाखण्ड, नशाखोरी, अश्लीलता, भ्रष्टाचार, आंतकवाद आदि के विरूद्ध युवा पीढ़ी को सजग करने के लिए आह्वान

आमन्त्रित विद्वान व आर्य नेता

सर्वश्री स्वामी करूणानन्द सरस्वती जी, सत्येन्द्र मोहन कुमार, सूर्यदेव व्यायामाचार्य अत्तरसिंह आर्य क्रांतिकारी, प्रो.जयप्रकाश आर्य, लाला मेघराज आर्य, आचार्य सतीश सत्यम, गोपाल शर्मा, नरेन्द्र आहूजा 'विवेक', हरिचन्द स्नेही, सुरेन्द्र गुप्ता,लक्ष्मीचन्द आर्य डॉ. सच्चिदानन्द आर्या, दीपा आर्या, महावीर सिंह आर्य, विजय आर्य (मोहाली), रामकुमारसिंह आर्य, अजय एलावादी एडवोकेट, बहिन संतोष आर्या, विमला ग्रोवर, धीरभान आर्य, गुलशनलाल निझावन, जोरासिंह आर्य, विद्यासागर शास्त्री, बद्रीप्रसाद शास्त्री, सहदेव समर्पित, चन्द्रभानु आर्य, जिलेसिंह आर्य, सुभाष श्योराण, जितेन्द्र चहल, देवराज आर्य, हरेन्द्र चौधरी, रोशन आर्य, भोपालसिंह आर्य, विजयभूषण आर्य,

**हजारों की संख्या में पहुंच कर आर्य समाज की संगठन शक्ति का परिचय दें**

**ऋषि लंगर : दोपहर 2 से 3 बजे तक**

**दर्शनाभिलाषी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रि० सुशील रागी<br>स्वागताध्यक्ष | सत्यभूषण आर्य<br>प्रान्तीय प्रभारी | मनोहरलाल चावला<br>प्रान्तीय अध्यक्ष | विरेन्द्र योगाचार्य<br>प्रान्तीय महामन्त्री | श्रीकृष्ण वहिया<br>संयोजक व मंत्री |
| स्वामी सच्चिदानन्द<br>बौद्धिकाध्यक्ष | ईशकुमार आर्य<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | बलजीतसिंह आर्य<br>प्रान्तीय उपाध्यक्ष | जितेन्द्र सिंह आर्य<br>प्रान्तीय मंत्री | प्रमोद कौशिक<br>संगठन मंत्री |
| नवनीत सिंगला<br>प्रान्तीय उपाध्यक्ष | स्वतन्त्र कुकरेजा<br>प्रान्तीय उपाध्यक्ष | हर्षदेव शर्मा<br>प्रान्तीय उपाध्यक्ष | जतिन्द्रनाथ चण्डोक<br>प्रान्तीय मन्त्री | आशीष आर्य<br>प्रान्तीय मन्त्री |
| हरवंसलाल अरोड़ा<br>प्रेस सचिव | वेदप्रकाश शास्त्री<br>बौद्धिकाध्यक्ष | सत्यभूषण आर्य (समालखा)<br>प्रान्तीय मन्त्री | मकेन्द्र कुमार<br>संगठन मंत्री | सूबेसिंह आर्य<br>संगठन मन्त्री |
| रूपनारायण वैरवा<br>प्रान्तीय मन्त्री | रामसुफल शास्त्री<br>बौद्धिकाध्यक्ष | सत्यपाल शास्त्री<br>प्रधान शिक्षक | वीरेन्द्र शास्त्री<br>व्यायाम शिक्षक | मनोज शास्त्री<br>व्यायाम शिक्षक |
| सत्यवीर आर्य<br>सहसंयोजक | विजेन्द्र आर्य<br>जिला मंत्री | योगेन्द्र शास्त्री<br>जिला कोषाध्यक्ष | सुरेन्द्र शास्त्री<br>प्रचार मन्त्री | दुर्गा प्रसाद,अमित आर्य व कृष्ण कौशिक<br>व्यायाम शिक्षक |


## बुलन्दशहर में त्रि दिवसीय आर्य महासम्मेलन सम्पन्न



आर्य समाज चौक बाजार व आर्य कन्या इन्टर कॉलेज बुलन्दशहर के तत्वाधान में 125 वां त्रि दिवसीय आर्य महासम्मेलन दिनांक 5, 6, 7 नवम्बर 2011 को सौल्लास सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा का उद्घाटन श्री नरेन्द्र चौधरी ने किया व ध्वजारोहण उत्तर प्रदेश सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र पाल वर्मा ने किया।

इस अवसर पर सार्वदेशिक सभा दिल्ली के संयोजक स्वामी आर्यवेश जी, प्रि. डॉ. अनिता भारद्वाज, श्री वीरपाल विद्यालंकार, चौ. ब्रह्मसिंह एडवोकेट, कु. पूनम आर्य, कु. प्रवेश आर्या, श्रीमती शर्मिला चौधरी, श्रीमती रीता आर्या, गायक श्री सतीश सत्यम्, श्रीमती आशा यादव, श्री संतोष कंसल, आचार्य नरदेव शास्त्री, श्री मायाप्रकाश त्यागी, श्री सुनील रामा, श्रीमती इन्दू चौहान, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्रीमती पिंकी सिरोही, श्री कमलेश बाल्मीकि सांसद, श्री अनिल गर्ग, श्री संजीव अग्रवाल, श्री हरेन्द्र अग्रवाल, श्री विरेन्द्र सिरोही, राम कुमार आर्य, सरनपाल आर्य, काली चरण आर्य, रामसरन आर्य आदि के ओजस्वी उद्बोधन हुए।

### व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली को एक योग्य व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता है जो कि वैदिक सिद्धान्तों व महर्षि दयानन्द का अनुयायी हो तथा बच्चों और किशोरों को प्रशिक्षित कर सके।

–डॉ. अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मो. 9810117464

# आर्य समाज सफदरजंग एनक्लेव व सूर्यनिकेतन ( आनन्द विहार ) में कार्यकर्त्ता बैठक सम्पन्न





रविवार, 20 नवम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वाधान में 251 कुण्डीय यज्ञ व आर्य महासम्मेलन की तैयारी के लिए दक्षिण दिल्ली मण्डल की कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, सफदरजंग एनक्लेव, दिल्ली में सौल्लास सम्पन्न हुई। चित्र में राजेन्द्र सिंह, रामदेव, के.एल. राणा, प्रकाशवीर शास्त्री, रामकुमार सिंह, पूर्णमल गुप्ता, प्रधान रविदेव गुप्ता, डॉ. अनिल आर्य, ओम प्रकाश जसूजा (मंत्री), महेन्द्र भाई व सत्यपाल सैनी। द्वितीय बैठक 27 नवम्बर 2011 को आर्य समाज, सूर्य निकेतन, विकास मार्ग में पूर्वी दिल्ली मण्डल की सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते आर्य नेता श्री दर्शन अग्निहोत्री। बैठक को यशोवीर आर्य, डॉ. अनिल आर्य, महेन्द्र भाई, रविन्द्र मेहता, श्यामदास सेतिया, सरोज भाटिया, सुरेश मुखीजा, विकास गोगिया, महेन्द्र भाई, विनोद बजाज रणवीर सिंह आर्य आदि ने भी सम्बोधित किया।

# आर्य समाज मालवीय नगर व दिलशाद गार्डन में उत्सव की धूम





रविवार, 20 नवम्बर 2011, आर्य समाज, मालवीय नगर, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में क्रमश: विमल आनन्द, पं. आरक्षित शास्त्री, प्रधान सुशील आनन्द, डॉ. अनिल आर्य, मन्त्री लाजपतराय बत्रा व पं. भानुप्रकाश शास्त्री। द्वितीय चित्र में आर्य समाज दिलशाद गार्डन के मन्त्री श्री अशोक सोनी का शॉल व चित्र से अभिनन्दन करते स्वामी दिव्यानन्द जी व डॉ. जयेन्द्र आचार्य, जवाहर भाटिया, डॉ. अनिल आर्य व सरोज भाटिया। संचालन श्री सुरेश मुखीजा ने किया।

## अग्रवाल सम्मेलन का परिचय सम्मेलन सम्पन्न




अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन 18, 19, 20 नवम्बर 2011 को छत्तरपुर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। डॉ. योगानन्द शास्त्री व सांसद रामदास अग्रवाल ने बधाई दी व प्रबन्ध राजीव कुमार 'परम' ने सम्भाला।

## पं. हरिदेव आर्यवीर स्मृति दिवस 24 दिसम्बर को

माता सुशीला हरिदेव आर्य धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में पाचवां पं. हरिदेव आर्य स्मृति दिवस शनिवार, 24 दिसम्बर 2011 को सांय 5 से 7.30 बजे तक आर्य समाज, सूर्य निकेतन, विकास मार्ग, दिल्ली में मनाया जायेगा। श्री महेन्द्र भाई जी यज्ञ के ब्रह्मा होंगे व आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री के प्रवचन होंगे। ऋषि लंगर 7.30 बजे।

निवेदक

**डॉ. अनिल आर्य**, संयोजक — **यशोवीर आर्य**, मन्त्री ट्रस्ट

## स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान शोभायात्रा 25 दिसम्बर को

आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली राज्य के तत्वाधान में रविवार, 25 दिसम्बर 2011 को प्रात: 9 बजे स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान शोभायात्रा का भव्य आयोजन श्रद्धानन्द बलिदान भवन, नया बाजार, दिल्ली से किया जा रहा है। सभी आर्य बन्धु हजारों की संख्या में पहुंचे। **–राजीव आर्य, महामन्त्री**

## आर्य समाज सैक्टर 3, 4, 5, 6 रोहिणी का वार्षिकोत्सव

आर्य समाज सैक्टर 3, 4, 5, 6 रोहिणी, दिल्ली का 11वां वार्षिकोत्सव दिनांक 9, 10, 11 दिसम्बर को मेन मार्ग निकट सी-9/42, सैक्टर-5, सोम बाजार रोड, रोहिणी, दिल्ली में मनाया जा रहा है। समाज के प्रधान श्री कृष्ण कुमार छाबड़ा ने सभी आर्य बन्धुओं से सपरिवार पहुंचने की अपील की है। **–सुदेश चन्द डोगरा, मन्त्री**



## इंटरनेट में देवनागरी लिपि का प्रयोग

इंटरनेट में देवनागरी के प्रयोग हेतु प्रचलित की-बोर्ड का प्रयोग अंग्रेजी-रोमन लिपि की तरह नहीं किया जा सकता। विकल्प रूप में यूनी-कोड उपलब्ध है, जिसमें विभिन्न आप्शन लेकर मंगल फोंट या किसी अन्य अप्रचलित विधि से देवनागरी का प्रयोग किया जाता है। विवश होकर व्यक्ति को अपनी भारतीय भाषा को इंटरनेट पर रोमन के माध्यम से प्रयोग कर पाता है। आम भारतीय आज भी बी.ए. पास करके अच्छी अंग्रेजी नहीं लिख पाता अत: भारतीय भाषाओं को जब रोमन लिपि में लिखा आता है तो लिखने से ज्यादा उसे पढ़ने में कठिनाई आती है। विश्व के अन्य देशों में प्राय: वहां के लोग अपनी भाषा में ही काम करते हैं, जैसे जापान, चीन, कोरिया आदि देशों में। इन देशों ने सर्व प्रथम अपनी-अपनी भाषा के तकनीकी पक्ष में इंटरनेट के अनुकूल बनाया है और अब वे अपनी ही लिपि में सुचारू रूप से कार्य कर सकते हैं। अपने देश में देवनागरी-लिपि को इंटरनेट के अनुकूल बनाने का कार्य 1991 में शुरू हुआ। यह देरी इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस कार्य के लिये सी-डैक को लगा रखा था। लेकिन अभी तक इस कार्य को करने के लिये जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार की-बोर्ड में केवल 96 अक्षर ही लिये जा सकते हैं। जबकि आवश्यकता 108 की है। इसके साथ 109 अक्षर भी आ जुड़ा है, जो कि भारतीय रुपये के लिय परिचायक चिन्ह है। अगर सी-डैक इस समस्या को सुलझाने में असमर्थ है तो इस कार्य के लिये किसी भी प्रमुख आई.टी. संस्था को अनुबन्ध किया जा सकता है। अत: स्पष्ट है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में देरी के लिये सी-डैक संस्था ही उत्तरदायी है। अब समस्त हिन्दी प्रेमियों को केंद्र सरकार के भाषा विभाग पर दबाव डालना होगा कि इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र सम्भव कराने का प्रबन्ध करें ताकि देवनागरी लिपि अन्य भाषाओं व लिपियों के मुकाबले पिछड़े नहीं। सम्पर्क करें - श्री चन्दन चटर्जी, फोन-9891987448, डॉ. कृष्णकुमार गोस्वामी (सेवानिवृत्त) फोन-9971553740 **–ओम प्रकाश त्रेहन, 9873008935**

## गुरुकुल होशगांबाद का शताब्दी समारोह धूमधाम से सम्पन्न


आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय होशंगाबाद मध्य प्रदेश के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह दिनांक 5, 6, 7 नवम्बर 2011 को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अधिष्ठाता स्वामी ऋतस्पति परिव्राजक, स्वामी परमानन्द जी, श्री आर्य तपस्वी जी, स्वामी धर्मेश्वरानन्द जी, स्वामी ब्रह्मानन्द जी, डॉ. सोमदेव जी, डॉ. ज्वलन्त कुमार जी, डॉ. सूर्या देवी जी, स्वामी धर्मबन्धु जी, आचार्य धर्मपाल जी, श्री दलवीर सिंह राघव, आचार्य दयासागर जी आदि के उद्बोधन हुए। राष्ट्रीय कवि डॉ. सारस्वत मोहन मनीषी जी के सानिध्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। **–आचार्य**

# आर्य समाज प्रशान्त विहार व दिलशाद गार्डन का वार्षिकोत्सव सम्पन्न


रविवार, 27 नवम्बर 2011, आर्य समाज, प्रशान्त विहार, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सौल्लास मनाया गया। चित्र में स्वामी सुमेधानन्द जी (राजस्थान) का अभिनन्दन करते प्रधान श्री कांतिप्रकाश आर्य, मन्त्री श्री सोहनलाल मुखी, सरंक्षक श्री दुर्गाप्रसाद कालरा व डॉ. अनिल आर्य। द्वितीय चित्र में डॉ. अनिल आर्य का शील्ड देकर सम्मान करते आर्य समाज, दिलशाद गार्डन, दिल्ली के प्रधान श्री सोमदेव कथूरिया।

# सांसद श्री तरूण विजय एवम् भटनागर दम्पत्ति का 50वीं वर्षगांठ पर अभिनन्दन




दिनांक 27 नवम्बर 2011, जुझारू सांसद श्री तरूण विजय को परिषद् की स्मारिका भेंट करते डॉ. अनिल आर्य व साथ में श्री रामचन्द्र सिंह आर्य। द्वितीय चित्र में 20 नवम्बर 2011 को श्रीमती प्रेमलता भटनागर व श्री रामगोपाल भटनागर की 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर आर्य समाज नारायणा विहार, दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में शॉल व चित्र भेंट करते डॉ. अनिल आर्य, माता संतोष वधवा व मन्त्री राकेश मल्होत्रा।

# आर्य समाज हौज खास व अशोक विहार फेज-I का वार्षिकोत्सव सम्पन्न




रविवार, 20 नवम्बर 2011, दक्षिण दिल्ली की आर्य समाज हौजखास का वार्षिकोत्सव सौल्लास मनाया गया। कु. ऋचा व प्रिया गुलाटी, योगेन्द्र शास्त्री के मधुर भजन हुए। चित्र में स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती के साथ बांये से मुनीष गुलाटी, विनोद कद, डॉ. अनिल आर्य, वी.पी. गुप्ता, आचार्य सुमेधा विद्यालंकार, शशि गुप्ता व महेन्द्र भाई जी। द्वितीय चित्र में आर्य समाज, अशोक विहार-I, दिल्ली के वार्षिकोत्सव पर ब्रह्मा आचार्या सुनीति आर्या, आचार्य सतीश शास्त्री, डॉ. अनिल आर्य, प्रधान अविनाश कपूर, मन्त्री राममेहर सिंह व जीवन लाल आर्य।

## आर्य समाज पूर्वी पंजाबी बाग का उत्सव सम्पन्न




रविवार, 20 नवम्बर 2011, आर्य समाज, पूर्वी पंजाबी बाग, दिल्ली का वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए। साथ में बलदेव जिन्दल, रामजी लाल गोयल, व मन्त्री रवि चड्ढा। श्री नरेन्द्र सुमन के मधुर भजन हुए।

## सोनीपत में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

आर्य केन्द्रीय प्रतिनिधि सभा, सोनीपत के तत्वाधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस रविवार 25 दिसम्बर 2011 को प्रात: 11 से 2 बजे तक आर्य समाज, माडॅल टाऊन, सोनीपत में मनाया जायेगा।

**– हरिचन्द स्नेही, महामन्त्री**

## गाजियाबाद में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

आर्य केन्द्रीय सभा, गाजियाबाद के तत्वाधान में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान शोभा यात्रा रविवार 25 दिसम्बर 2011 को प्रात: 10 बजे सन्यास आश्रम गाजियाबाद से आरम्भ होगी।

**–प्रवीन आर्य, महामन्त्री**

## शोक समाचार : विनम्र श्रद्धाजंलि

1. आर्य प्रकाशन के श्री तिलक राज कोहली का गत दिनों निधन हो गया
2. श्री राकेश कुमार (आर्य समाज सन्त नगर, दिल्ली) का गत दिनों निधन हो गया।
3. श्री मंगल सेन विज (पहाड़गंज चूना मण्डी) का गत दिनों निधन हो गया।
4. श्रीमती कृष्णा देवी आर्य (यमुनानगर) का गत 8 नवम्बर का निधन हो गया।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9910649696, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970